## ग्राम कुंवरपुर में तालाब में डूबने से दो बालकों की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर में बीते दिवस तालाब में डूबने से दो मासूम बालकों की मौत हो गई उक्त घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल कायम है।

ग्राम कुंवरपुर निवासी गोलू पिता हीरा बंशकार उम्र 5 वर्ष तथा दीपक पिता छोटू वंशकार ग्राम कुंवरपुर गांव की एक छोटी तलैया में नहाने गए थे काफी देर तक जब घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने ढूंढना प्रारंभ किया।

तलैया के ऊपर कपड़े रखे हुए थे कपड़े देखकर लोगों ने तलैया में ढूंढना प्रारंभ किया तो दोनों के शव तालाब में मिले शव को तालाब से बाहर निकाला पोस्टमार्टम के लिए पवई स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया जाता है कि दोनों के पिता बैंड बाजा बजाने के लिए खजुराहो गए हुए थे सूचना मिलते ही और वापस लौटे तथा उनकी हालत बहुत खराब है पुलिस ने मार्ग क़ायम कर मामला विवेचना में लिया है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** बीती रात्रि पन्ना अमानगंज सिमरिया रोड ग्राम पगरा पुरैना के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें जेके सीमेंट कंपनी के ट्राला द्वारा मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी। टक्कर में एक व्यक्ति मौत हो गई तथा दो अन्य बुरी तरह घायल हो गए।

मृतकों में कल्लू अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी देवरा का है तथा दो अन्य घायल भी देवरा ग्राम के ही निवासी उक्त घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय लोगों ने जेके सीमेंट प्लांट के सामने जमकर शव रख कर हंगामा किया हंगामा में स्थानीय सरपंच सहित भारी संख्या लोग शामिल हुए घटना की जानकारी लगते हैं अमानगंज तथा सिमरिया की पुलिस एवं अमानगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंच गई।

हंगामा कर रहे लोगों के साथ हल्की झड़प हुई किसी प्रकार स्थानीय प्रशासन के आश्वासन पर मामला शांत हुआ तथा शव को घर ले जाने के लिए राजी हुए।

ज्ञात हो की जब से जेके सीमेंट प्लांट की स्थापना हुई है सैकड़ो लोग सड़क हादसे में मौत की नींद में सो गए हैं क्योंकि सड़क की चौड़ाई छोटी है तथा कंपनी के ट्राला भारी भरकम है इसलिए आए दिन घटनाएं घटित होती हैं

## बसों की छत पर बैठकर यात्रा कर रहे यात्री, बृजपुर थाना पुलिस मौन

**पन्ना,देशबन्धु।** पन्ना जिले में शासकीय अधिकारियों द्वारा अपना दायित्व ईमानदारी से न करने के चलते नियमों कानून की धज्जियां उड़ रहे हैं तथा इसी के चलते आए दिन दुर्घटना हो रही जिले भर में अनेक बसे बिना फिटनेस परमिट की दौड़ रही है अनेक बस संचालकों।

द्वारा सवारी से से मनमाना कराया लिया जा रहा है पन्ना से पहाड़ी खेड़ा की दूरी 38 किलोमीटर है जिसका किराया?60 रुपया लिया जा रहा है तथा नीचे एवं ऊपर छत पर सवारियों को भरकर ले जाया जा रहा है।

स्थानीय परिवहन विभाग बृजपुर थाना की पुलिस उदासीन है इसलिए मनमाने ढंग से बसों की छत पर बैठकर लोग यात्रा कर रहे हैं कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है स्थानीय लोगों ने कार्रवाई करने की मांग की।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रगति कृषि विभाग की प्राथमिकता : कलेक्टर

**बालाघाट, देशबन्धु।** विकसित कृषि संकल्प अभियान सहकारिता विभाग के साथ ही कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य व पशुपालन के साथ ही कृषि अभियांत्रिकी विभागों की मौजूदगी में नवीन तकनीकों के साथ ही योजनाओँ के विस्तार के लिए प्रारम्भ हुआ है। इस अभियान में कृषिगत कार्यो से जुड़े विभागों के कार्यो की समीक्षा कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में की गई।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि अभियान अब अंतिम चरणों पर है, शेष बचें समय में पशुपालन विभाग व मत्स्य विभाग ज्यादा से ज्यादा किसानों के केसीसी कार्ड बनाने में प्रगति लाएंगे। वहीं कृषि विभाग द्वारा एकत्रित किये गए मिट्टी के नमूनों की जांच के बाद शत प्रतिशत मृदा कार्ड वितरित करेंगे।साथ ही उद्यानिकी विभाग की प्रगति निराशाजनक पाये जाने पर कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग उपसंचालक द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान किये गए कार्यो के सम्बंध में नगरीय निकायों के सीएमओ ने निकाय वार जानकारी दी। अभियान के दौरान नगरीय निकायों में 14 बिगड़े बाग बगीचों का सुधार किया गया। इसी तरह 39 प्याऊ स्थापित की गई, वहीं 19 तालाबो का जीर्णोद्धार, 91 कुओं की सफाई कराई गई। कलेक्टर श्री मीना ने निकायों को 30 जून तक दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने क्व निर्देश दिए है।

बैठक के दौरान पीआईयू व पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्रियो की अनुपस्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन काटे जाने के भी निर्देश दिए है। बैठक में जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी तथा सभी विभागीय अधिकारी शामिल रहें। साथ ही अन्य विभागीय अमला गूगल मीट से जुड़ा रहा।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के सम्बंध ने जिला मत्स्य अधिकारी पूजा रोड़गे ने बताया कि 200 के टारगेट में 84 पूर्ण हो चुके है। कलेक्टर श्री मीना ने शीघ्र प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए है।

## सार-समाचार



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक एवं प्रधान आरक्षक होंगे रुस्तम जी अवार्ड से सम्मानित

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा के. एफ. रुस्तमजी पुरस्कार वर्ष 2021-22 हेतु पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की पुरस्कार हेतु सूची जारी की गई है । जिसमें पन्ना जिले के गुनौर थाने में पदस्थ निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार तात्कालिक थाना प्रभारी सिमरिया एवं नीरज रैकवार कार्यवाहक प्रधान आरक्षक को*विशिष्ट श्रेणी* में पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया है उन्हें उक्त पुरस्कार के तहत ?50,000 /- पचास हजार नगद राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2021- 2022 में सिमरिया थाना में पदस्थापना के दौरान निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार। द्वारा कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया था जिसको लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका नाम प्रस्तावित किया था इसी प्रकार प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार द्वारा साइवर सेल पुलिस लाइन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है गौरतलब है की मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के राजपत्र में निहित प्रावधानों के अंतर्गत के. एफ. रुस्तमजी पुरस्कार पुलिस बल के साहसिक कार्यों एवं मानव सेवा की भावना को सम्मानित करने के उद्देश्य प्रदाय किया जाता है। श्री अहिरवार एवं श्री एवं श्री रैकवार को उक्त पुरस्कार पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए जाने पर पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी पत्रकारों साहित्य कारण गणमान्य नागरिकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शहीद बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि पर अर्पित किए पुष्प भेंट



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी, देशबन्धु। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जय स्तंभ ब्यौहारी में शहीद बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि के अवसर छायाचित्र पर पुष्प भेंट किया। साथ ही उनके विचारधारा पर लोगों को चलने की बात कही। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री हरिशंकर, चिरौंजीलाल, पप्पू साकेत आदि उपस्थित रहे।

### डॉ राजेश प्रसाद तिवारी बनाए गए पन्ना जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

**पन्ना, देशबन्धु।** जयसिंहनगर शहडोल सिविल अस्पताल में पदस्थ रहे डॉक्टर राजेश प्रसाद तिवारी पन्ना जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बनाए गए हैं तथा अभी तक। डॉक्टर एस के त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रहे है डॉक्टर एस के त्रिपाठी जिला अस्पताल पन्ना में ही हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में काम करेंगे ज्ञात हो डॉ एसके त्रिपाठी बहुत ही अनुभवी डॉक्टर हैं जिनकी जिला अस्पताल में बहुत बड़ी आवश्यकता थी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनने के कारण वह जिला अस्पताल में मरीज को समय नहीं दे पाते थे जिससे लोग परेशान थे लेकिन वह अब उक्त दायित्व से मुक्त हो गए हैं नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तिवारी के सामने अनेक चुनौतियां होगी जिसके लिए उन्हें काफी मेहनत करनी।

### शराब दुकानों पर मूल्य से अधिक दम नहीं लिए जाएंगे जाएंगे : आबकारी अधिकारी

**पन्ना, देशबन्धु।** पूरे प्रदेश में शराब दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की खबरों और शिकायतों के चलते मध्य प्रदेश के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा शराब दुकानों के बाहर क्यूआर कोड चिपकाएं जा रहे है । जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शराब दुकानों से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब विक्रय किए जाने की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही थी । जिसकी समय समय पर टेस्ट परचेज के द्वारा वृत्त प्रभारियों द्वारा जांच की जा रही थी, साथ ही अधिक मूल्य पर विक्रय पाए जाने पर विभागीय प्रकरण भी कायम किए जा रहे है । इसी संबंध में आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश के निर्देशों के पालन में पूरे पन्ना जिले की सभी शराब दुकानों पर क्यूआर कोड चस्पा किए जा रहे है।

## मुख्यमंत्री ने 323.15 करोड़ के विकास कार्यो का किया लोकार्पण-भूमिपूजन



### हितग्राहियों को वितरित किये हितलाभ

**शहडोल,देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्यौहारी में आयोजित कोल जनजाति सम्मेलन में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

जिन हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया उनमें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीसीएल के लाभान्वित हितग्राही श्रीमती मुन्नी कोल, कैस क्रेडिट लिमिट से लाभान्वित हितग्राही श्रीमती श्याम बाई कोल, निजी कस्टम हायरिंग योजना से लाभान्वित आशुतोष तिवारी पिता उत्तम तिवारी ग्राम देवरी जनपद पंचायत जयसिंहनगर को सांकेतिक चेक, लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभान्वित हितग्राही कुमारी श्रृष्टि कोला माता श्रीमती सुलोचना कोल, कुमारी मनिया कोल माता श्रीमती लक्ष्मी कोल, मेधावी छात्र-छात्राओं सहित अन्य हितग्राहियों को लाभ वितरित किया।

### जनजातीय संस्कृति के अनुरुप पारंपरिक लोक नृत्यों के साथ किया मुख्यमंत्री का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शहडोल के ब्यौहारी में आयोजित राज्य स्तरीय कोल जन जातीय सम्मेलन में पहुंचने पर स्थानीय कलाकारों द्वारा जनजातीय संस्कृति के अनुरूप पारंपरिक लोक नृत्यों गुदुम बाजा, शैला व कर्मा नृत्य एवं गायन के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जनजातीय कार्य मंत्री विजय कुंवर शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर ब्यौहारी में आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्यौहारी में आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में 79.06 करो? रूपये की लागत से 55 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 244.09 करोड़ रूपये की लागत से 52 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिन विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया उनमें लोक निर्माण विभाग भवन संनिर्माण के 31.45 करोड़ रूपये की लागत से 6 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 22.64 करोड़ रुपए की लागत से 33 कार्य, मध्यप्रदेश पुलिस हॉउसिग बोर्ड कॉरपोरेशन का 10 करोड रुपए की लागत का 1 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 6 करोड़ रुपए की लागत से 10 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु हेतु 4.75 करोड़ रुपए की लागत से 1 कार्य, जनजातीय कार्य विभाग के 2.75 करोड़ रुपए की लागत का 1 कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का 1.47 करोड़ रुपए की लागत से 3 कार्य एवं अन्य कार्य शामिल है।

इसी प्रकार जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया उनमें लोक निर्माण विभाग भवन संनिर्माण का 121.92 करोड़ रुपए की लागत से 15 कार्य, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम का 94.49 करोड़ रुपए की लागत से 5 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का 9.17 करोड़ रुपए की लागत से 8 कार्य, लोक निर्माण विभाग (भवन) का 7.69 करोड़ रुपए की लागत से 6 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का 7.06 करोड रुपए की लागत से 16 कार्य कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु) का 3.29 करोड़ रुपए की लागत से 1 कार्य एवं मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड कार्पोरेशन का 0.47 करोड़ रुपए के 1 कार्य एवं अन्य कार्य शामिल है।



### मुख्यमंत्री ने जिले के विकास के लिए दी अनेक सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्यौहारी में आयोजित प्रदेश स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन में जिले के विकास के लिए अनेक सौगातें देने की घोषणा की। शहडोल नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 28 करोड़ रूपये, ग्राम पंचायत निपनिया में कॉलेज खोलने, सरसी आईलैण्ड में जल पर्यटन को विकसित करने, जयसिंहनगर तहसील के चरकी डोल से ओदारी नदी में 13 करोड़ रूपये की लागत से पुल का निर्माण करने, जिला सतना के रामपुर बघेलान तहसील के भगदेवरा किला का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के मिनी ब्राजील ग्राम विचारपुर की 9 फुटबाल टीमों को 10 लाख रूपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे प्रदेष के बच्चे खूब खेले, आगे बढ़े दुनिया में नाम कमाएं। जिनकी सराहना देष के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने पॉडकॉष्ट के माध्यम से विष्व पटल में की है। इसी तरह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले टीमों के सदस्यों को 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा की।

## नवागत सीएमएचओ डॉ. चंदेल ने लिया प्रभार

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगें, धरातल पर आम जन और गरीब तबके के लोगों को शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जायेगा, उक्त बातें आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में पदभार लेने के बाद डा. व्ही एस चंदेल ने कहीं। उन्होंने कहा कि जिस इलाज के लिए गांव में या गांव के नजदीक अस्पताल का निर्माण किया गया है वहां उन्हें अच्छा से अच्छा इलाज मिले, उन्होंने कहा कि जिस इलाज के लिए वहां वह जाता है उसे वहां इलाज मिले अगर वह इलाज वहां नहीं मिल पा रहा है तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जायेगा।



अगर आम जन के इलाज या उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो ऐसी लापरवाही पर कड़ा रुख अख्तियार किया जायेगा। ऐसी हर एक बातों पर नजर रखते हुए कार्य किये जायेंगें। शासन से जो सुविधाएं जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध हैं वह सुविधा मरीज तक पहुंचाने भी प्रयास होगें। इस अवसर पर जिला अस्पताल में पदस्थ समस्त डाक्टर, कार्यरत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बता दें कि डॉक्टर आर के मेहरा के जाने के बाद से उक्त पोस्ट एस बी चौधरी के पास थी, जिसके बाद लगातार स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही चरम पर थी स्वास्थ्य सेवाओं में गिरावट आती गई, जिसके फलस्वरूप अब शासन ने डाक्टर व्ही एस चंदेल को प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पदस्थ किया है। उनके ष्टरू।ह पद का प्रभार लेने से स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी होगी वहीं गरीब तबके के मरीजों को उनका परामर्श स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेगा।



## ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से हुई मौत

**पन्ना,देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर शहीदन के पास पास रहने वाले परिवार के दामाद मूलचंद पिता राम प्यारे निवासी कचोरी थाना शाहनगर अपनी ससुराल आए हुए थे जिनका शव कमरे में फांसी पर लटकता हुआ पाया गया जिसकीसूचना परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस। को दी गई पुलिस घटना स्थल पहुंची तथा पंचनामा बनाकर पीएम कराया गया मामले की की जानकारी ससुराल पक्ष द्वारा मृतक के घर वालों को दी गई पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया उधर मृतक के भाई ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं पुलिस मामले की विवेचना कर रही है तथा प्रकरण में मार्ग कम कर लिया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 51 व 64 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**बालाघाट, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास परियोजना बालाघाट द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया एवं परियोजना अधिकारी श्री शैलेंद्र चौकसे के मार्गदर्शन में सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 51 एवं 64 में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अति गंभीर कुपोषित (एसएएम) एवं गंभीर कुपोषित (एमएएम) बच्चों गर्भवती, धात्री किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों को एमाकसीसिलिन, मल्टीविटामिन आयरन सिरप, जिंक, एल्बेंडाजोल आदि दवाइयां का वितरण किया गया। वहीं एसएएम एवं एमएएम बच्चों को न्यूट्रीशन किट का वितरण किया गया एवं पोषण पुनर्वास केंद्र हेतु एसएएम बच्चों का चिन्ह्यांकन कर परिजनों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में एपीएम डॉ संजय मानेश्वर,मेडिकल ऑफिसर डॉ लक्ष्य वर्मा व डॉ करिश्मा सिल्हारे एवं पर्यवेक्षक नेहा ठाकुर उपस्थित रही।

## नगर के प्रमुख त्योहार राज्य सूची में शामिल

**पन्ना, देशबन्धु।** पवित्र नगर मंच द्वारा लगातार पन्ना नगर को धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किए जाने को लेकर प्रयास किया जा रहे हैं तथा हीरो एवं मंदिरों की नगरी को पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ाने की दिशा में मंच द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को समय-समय पर ज्ञापन दिए गए तथा मुलाकात की गई इस तारतम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा पन्ना नगर के आस्था के केंद्र भगवान जुगल किशोर जी के जन्मोत्सव जन्माष्टमी एवं भगवान बलदेव जी का जन्म दिवस हल छठ को राज्य सूची में शामिल किए जाने का आदेश प्रसारित किया है जिसको लेकर पवित्र नगर मंच तथा स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्ति की है तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

उक्त घोषणा किए जाने पर पवित्र नगर मंच के संरक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा तथा संयोजक कैलाश मोदी एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहां

### पवित्र नगर मंच ने जताया आभार

की प्रदेश सरकार द्वारा उक्त प्रमुख त्योहारों को राज्य सूची में शामिल किए जाने पर हमारे जिला में धार्मिक तथा पर्यटन के क्षेत्र की गतिविधियां बढ़ेगी स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा एवं अधिक से अधिक लोग दर्शन करने आएंगे इस दौरान मंच द्वारा पत्रकारों का सम्मान भी किया गया इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से लक्ष्मीकांत शर्मा डॉक्टर कैलाश मोदी वीरभानु धामी दिनेश अग्रवाल सम्राट मोदी नंदकिशोर गुप्ता सिद्धार्थ आदि शामिलरहे।